**दिनांक 14.10.2022 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति, आवश्यक विद्युत संयोजन किये जाने की समीक्षा, आई.एस.ए. कार्यो तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था के सम्बन्ध में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति एवं विद्युत संयोजन की समीक्षा, आई.एस.ए. कार्यो तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था के सम्बन्ध बैठक दिनांक 14.10.2022 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसका अनुमोदन जिलाधिकरी महोदय के द्वारा दिनांक–22.10.2022 को किया गया।

समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें:–

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), हमीरपुर।
2. श्री सुमित व्यास, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर।
3. श्री शैलेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, राठ।
4. श्री एम.एल.वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, हमीरपुर।
5. जिला पंचायत राज अधिकारी, हमीरपुर।
6. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा।
7. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), वि0/यॉ0, चित्रकूट।
8. श्री ए.के. शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, हमीरपुर।
9. श्री मानवेन्द्र सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा।
10. श्री आदित्य बाजपेई, जे0ई0, जल निगम (शहरी), हमीरपुर।
11. श्री जीतेन्द्र कुमार, जे0ई0, लो.नि.वि., हमीरपुर।
12. श्री राहुल सिंह, जे0ई0, जल संस्थान, हमीरपुर।
13. श्री आशीष बाजपाई, जे0ई0(इले0 एण्ड मैके0), एस.डब्लू.एस.एम., हमीरपुर।
14. श्री रामा कृषन शुक्ल, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी एसोसिएट्स (पी0एम0सी0), हमीरपुर।
15. श्री सुरेन्द्र शर्मा, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0, हमीरपुर।
16. श्री विशाल शर्मा, ए.जी.एम., जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर।
17. श्री संगम नाथ पाण्डेय, मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर।
18. श्री अभिषेक कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0, हमीरपुर।
19. श्री सिद्धार्थ भल्ला, डि.कोआर्डि., जीवन ज्योति शिक्षण एवं जनकल्याण समिति, हमीरपुर।
20. श्रीमती अनीता जायसवाल, कोआर्डि., जी.ज्यो. शिक्षण एवं जनकल्याण समिति, हमीरपुर।
21. श्री ब्रिजेश कुमार, टीम लीडर, सोशल एक्शन एण्ड रूरल डेवलपमेन्ट एण्ड एडवांसमेन्ट।
22. खुशबू मिश्रा, कोआर्डि. सोशल एक्शन एण्ड रूरल डेवलपमेन्ट एण्ड एडवांसमेन्ट, हमीरपुर।
23. श्री राममूरत सिंह, चेतना, चित्रकूट।
24. डा0 रमेश चन्द्र, चित्रकूट सेवा आश्रम, चित्रकूट।

**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना (सतही स्त्रोत):–**

सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पत्योरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुल 148 राजस्व ग्राम लाभान्वित हैं, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना का घटकवार प्रगति निम्नवत है:–



Scanned with OKEN Scanner




**इन्टेक वेलः**—इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम पत्योरा डांडा के पास इन्टेकवेल (45 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इन्टेकवेल की 17 मीटर की सिंकिंग की कार्यवाही हुई है। जनरल मैनेजर, जेडब्लूआईएल द्वारा बताया गया कि वर्तमान में यमुना नदी का जलस्तर अधिक होने के कारण कार्य बाधित है, यमुना का जल स्तर नीचे होने पर पुनः कार्य शुरू हो पायेगा।

**डब्लू0टी0पी0ः**—जे0डब्लू0आई0एल0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू.टी.पी. (45 एम0एल0डी0) पत्योरा डांडा का निर्माण कार्य प्रगति पर है। डब्लू.टी.पी. की कुल प्रगति लगभग 85 प्रतिशत है। डब्लू.टी.पी. का सिविल कार्य पूर्ण, मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जेडब्लूआईएल प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल कार्य प्रगति धीमी है, कार्य प्रगति बढ़ाते हुए यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0ः**—जे.डब्लू.आई.एल. प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 10 नग सी0डब्लू0आर0 के सापेक्ष 09 नग सी0डब्लू0आर0 पर कार्य प्रगति पर है, जिसमें 02 नग सी.डब्लू.आर. पर कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 07 नग सी.डब्लू.आर. पर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सी0डब्लू0आर0 की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। निर्देशित किया गया कि आवश्यक मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार कार्य कराते हुए प्रगति मे आपेक्षित तेजी लाये।

**अवर जलाशयः**—सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी एजेंसी द्वारा प्रस्तावित 46 नग अवर जलाशयों के सापेक्ष 43 अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया गया था, किन्तु वर्तमान में कार्यदायी एजेंसी द्वारा 15 कार्यस्थलों पर कार्य किया जा रहा है तथा 06 नग सिविल कार्य पूर्ण किया गया है। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण किये जाने के लिए 300 श्रमिक प्रतिदिन लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी फर्म द्वारा मात्र 175 मानवश्रम लगाया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों की अत्यधिक धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा जेडब्लूआईएल के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए सभी अवशेष जलाशयों पर रूप से एक साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**राइजिंगमेनः**—डी.टी.एल. टी.पी.आई. द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.366 किमी0 के सापेक्ष 290.42 किमी0 पाईप की आपूर्ति की गयी है एवं 214.913 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस माह मात्र 7.12 किमी पाइप बिछायी गयी है, शेष पाइप बिछाने हेतु 97 श्रमिक लगाये जाने के दैनिक लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान में मात्र 18 श्रमिक कार्यरत हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइप बिछाये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया। कार्यदायी



Scanned with OKEN Scanner

(8)

फर्म द्वारा विगत कई समीक्षा बैठकों में आश्वासन देने के बावजूद राजिंगमेन की शत–प्रतिशत आपूर्ति नही की गयी है तथा एजेंसी के पाय पर्याप्त मानवश्रम उपलब्ध नहीं है, जिस कारण कार्य में प्रगति नही हो पा रही है, यह स्थिति खेदपूर्ण है। निर्देशित किया गया कि पर्याप्त गैंग व मैनपावर लगाते हुए कार्य में आपेक्षित तेजी लायें।

**वितरण प्रणाली:**–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 589.3 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य प्रगति पर असंतोष व्यकत करते हुए निर्देशित किया गया कि आवश्यक गैंग व मैनपावर लगाते हुए कार्य अविलम्ब प्रारम्भ करें तथा स्वीकृत ड्राइंग व डिजाइन तथा गुणवत्ता मानको का पालन करते हुए निर्धारित अवधि में लक्ष्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शन:**–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष अभी तक मात्र 14598 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है, जो लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम है। 50 राजस्व ग्रामों में FHTC कनेक्शन के लिए MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है एवं 10 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। अवशेष कार्य समयान्तर्गत पूर्ण किये जाने हेतु 102 श्रमिक लगाये जाने के दैनिक लक्ष्य के सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा मात्र 56 श्रमिक लगाये गये है, निर्देशित किये जाने के उपरान्त भी कार्यस्थलों पर पर्याप्त मानवश्रम नही बढ़ पा रहा है। निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और रात्रिकालीन शिफ्टों में परियोजना के कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप तथा कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण कराये।

**रोड रेस्टोरेशन:**–डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी एजेंसी द्वारा अभी तक मात्र 36 राजस्व ग्रामों भुरही, घटकना, किशनपुर, सिलौली, उपरी, भरसावन, देवकाली, सारस, मसगांव, धुगवान, खनदेही, बिगहना, चकदाहा, गदेरीया खेड़ा, मवईया, गेहबरा, भवानी, चमरखन्ना, रतवा, गुरहा, गहतौली, जलाला, इटारा, पचखुरा खुर्द, धुन्धपुर, महमूदपुर, दरियापुर, कन्जौली, रिगना का रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया एवं 19 राजस्व ग्राम परछछ, टोलामाफ, तिलसरल परहेटा, किसवाही, परोहरी, सरहा, लेवा, मैन्सटा, बहरेला, अछरेला, मकरांव, इसौली, भवनीया, मिहुना, मौहर, इचौली, नजरपुर, कैथी, कलौलीजार में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि पाइप लेइंग के पश्चात यथाशीघ्र हाइड्रोटेस्टिंग तथा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जाय, जिससे जनसामान्य को आवागमन मे परेशानी न हो। सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन कराकर फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत)</u>

सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुरारा विकास खण्ड के 24 ग्राम पंचायत के 39 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 एम0एल0डी0), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0 का निर्माण किया जाना है।

**इन्टेकवेल:**– इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम हरौलीपुर के पास इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा अवगत कराया गया कि इंटेकवेल के वॉल का 44 मी0 तक कार्य पूर्ण हो चुका है, इनटेकवेल का कार्य लगभग 83 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, मैकेनिकल वर्क प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानव श्रम लगाकर अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें।



Scanned with OKEN Scanner

**डब्लू0टी0पी0**:–पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डब्लू0टी0पी0 8 एम0एल0डी0 का हरौलीपुर मे निर्माण कार्य चालू है, सिविल कार्य पूर्ण एवं मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य प्रगति पर है। डब्लू0टी0पी0 का लगभग 81 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा माह सितम्बर, 2022 तक डब्लू0टी0पी0 का कार्य पूर्ण किया जाने का आश्वासन दिया गया था, किन्तु अभी तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, कार्य की प्रगति बढाने के लिए पर्याप्त मानव श्रम लगाकर डब्लू0टी0पी0 के समस्त अवयवों पर एक साथ कार्य करायें, जिससे कार्य समयान्तर्गत पूर्ण किया जा सके। एम.सी.डब्लू.आर. का स्ट्रक्चर वर्क पूर्ण हो चुका है।

**सी0डब्लू0आर0**:–पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 5 नग सी0डब्लू0आर0 पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। 03 नग सी0डब्लू0आर0 ग्राम पुरई, रिठारी एवं हरौलीपुर मे पम्प हाउस का कार्य पूर्ण हो चुका है। सी0डब्लू0आर0 का लगभग 72 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया गया सी0डब्लू0आर0 पर आवश्यक मैनपावर लगाकर स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन के अनुसार अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें। सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई को निर्देशित किया गया कि साइट पर कार्य तथा लगाये मानवश्रम की जाँच कर रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

**अवर जलाशयः**–पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सतही स्त्रोत योजना के तहत 12 अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है। वर्तमान मे सभी 12 नग अवर जलाशय पर कार्य प्रगति पर है। एजेंसी द्वारा अवगत कराया गया कि 03 अवर जलाशय चन्दुपुर डांडा, भटपुरा एवं कनौटा अवर जलाशय के पेटिंग कार्य आंशिक रूप से पूर्ण। 02 नग अवर जलाशय बैजेइस्लामपुर एवं देवीगंज पर बॉटम डोम का सरिया बांधने का कार्य प्रगति पर है। 06 नग अवर जलाशय पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण एवं पाइप फिटिंग का कार्य प्रगति पर है, अवर जलाशय डेवलपमेन्ट का लगभग 86 प्रतिशत सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अवर जलाशयों पर पर्याप्त मैनपावर व मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग व डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानको का पालन कराते हुए कार्य कराया जाय।

**राइजिंगमेनः**–प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित राईजिंगमेन 83.848 किमी0 पाइप बिछाने हेतु कार्य किया जाना है। अब तक 62.046 किमी0 पाइप की आपूर्ति कर ली गयी है एवं 61.983 किमी0 राइजिंगमेन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 के को निर्देशित किया कि शेष राईजिंगमेन डी0आई0 पाइप की पूरी आपूर्ति अतिशीघ्र की जाय तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए राइजिंगमेन पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणालीः**– प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना मे प्रस्तावित वितरण प्रणाली मे 184.372 किमी0 पाइप बिछाने हेतु कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष शत–प्रतिशत पाइप की आपूर्ति कर ली गयी है एवं 159.54 किमी0 पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। 02 सप्ताह में मात्र 1.44 किमी0 पाइप बिछायी गयी है, जो असंतोषजनक है। 25 राजस्व ग्रामों में वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 02 राजस्व ग्रामों में प्रगति पर है। पाइप बिछाने का कार्य 84.67 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया गया कि शीघ्र मैनपावर एवं गैंग बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप पाइप बिछाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शनः**–सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा योजना मे प्रस्तावित 9636 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष अभी तक मात्र 2258 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है तथा अभी तक मात्र 04 राजस्व ग्रामों में कार्य कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि दिये गये लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और रात्रिकालीन शिफ्टों में परियोजना के कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप तथा कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण कराये।



Scanned with OKEN Scanner

**हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (नलकूप आधारित)**

सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (नलकूप आधारित) के माध्यम से विकास खण्ड राठ, गोहाण्ड, सरीला एवं मुस्करा के 168 ग्रामों को लाभान्वित किये जाना है। हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 136 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर, 14.23 किमी0 बाउन्ड्रीवाल का निर्माण किया जाना है। उपरोक्त परियोजना का घटकवार प्रगति निम्नवत है:-

**नलकूपः**-उपस्थित प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित 118 नग नलकूप के सापेक्ष सभी 118 नग नलकूपों मे लोवरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है व 104 नग नलकूपों पर डेवलेपमेन्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है। 35 नग नलकूपों में समरसेबिल इंस्टालेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्यदायी एजेंसी को निर्देशित किया गया कि विकसित किये गये नलकूपों में पम्प इंस्टॉलेशन की कार्यवाही करायें।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में 123 पम्प हाउस का निर्माण किया जाना है किसकी सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी मात्र 75 पम्प हाउस पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है। 12 पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, 12 पम्प हाउस का कार्य रूफ हाईट तक पूर्ण तथा 13 पम्प हाउस वॉल हाइट तक पूर्ण किया गया है। वर्तमान में मात्र 28 पम्प हाउस पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। अवगत कराया गया कि 20 ग्रामों में पेयजल ट्रायल अक्टूबर, 2022 तक शुरू किया जाना है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएनसी को निर्देशित किया गया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करायें तथा नलकूप डेवलपमेन्ट का कार्य, समरसेबिल पम्प इंस्टॉलेशन तथा पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 तथा टी0पी0आई0 को जिन पम्प हाउसों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

**अवर जलाशयः**-डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 95 अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया गया था, किन्तु वर्तमान में 20 नग अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है। 33 नग अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि जलाशयों पर खुदाई व पी0सी0सी0 कार्य करने के बाद कार्य बन्द कर दिया गया है। अवषेश 85 अवर जलाशयों के सापेक्ष मात्र 20 नग अवर जलाशयों पर कार्य किया जा रहा है, इससे प्रतीत होता है कि कार्यदायी एजेंसी द्वारा अवर जलाशय के निर्माण में रूचि नही ली जा रही है और कार्य के प्रति गम्भीर नही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष प्रकट करते हुए पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अवर जलाशयों पर मैनपावर व मशीनरी बढ़ाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप उपरोक्त अवर जलाशयों की प्रगति मे तेजी लायें।

**वितरण प्रणालीः**-सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 975.28 किमी0 के सापेक्ष 860.7 किमी0 पाईप की आपूर्ति कर ली गयी है एवं अभी तक 832.29 किमी0 पाईप बिछाने का कार्य हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि शीघ्र अवशेष एच0डी0पी0ई0 पाईप की शत-प्रतिशत आपूर्ति कर ली जाये एवं पर्याप्त मैनपावर/गैंग की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाईन एवं मानक व गुणवत्ता के अनुरूप पाईप बिछाने का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शनः**-कार्यदायी संस्था को 52879 FHTC कनेक्शन लक्ष्य को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अभी तक मात्र 31475 FHTC कनेक्शन के लिए MDPE पाइप लगाया गया है, 69 राजस्व ग्रामों में FHTC कनेक्शन हेतु MDPE पाइप का कार्य पूर्ण हो गया है तथा वर्तमान में



Scanned with OKEN Scanner

22 राजस्व ग्रामों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा FHTC कनेक्शन किये जाने की प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुए पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि दिये गये लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और रात्रिकालीन शिफ्टों में परियोजना के कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप तथा कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण कराये तथा FHTC कनेक्शन किये जाने की कार्ययोजना तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**रोड रेस्टोरेशनः**—डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी एजेंसी द्वारा अभी तक मात्र 17 राजस्व ग्रामों (औंता, अमगांव, टोलाराउत, खरहेटा बुजुर्ग, सियावरी, टिकुर, बिगांव, चुरहा, खरहेटा खुर्द, झिटकरी डांडा, हसउपुरसेना, टिहर, नवैनी, लिंगा, खेड़ा, बान्धुर बुजुर्ग, मिहुना) का रोड रेस्टोरेशन किया जा चुका है एवं 16 राजस्व ग्राम (अतरा, चिल्ली, कुम्हरीया, अकौना, करगांव, कुल्हण्डा, कोथा, खराखर, खिरिया, चुरा, धरौलीपुर, कदौरा, कन्धौली, कमौखर, मसगांव, चकसौना) में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड रेस्टोरेशन कार्य में असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया 69 राजस्व ग्रामों में वितरण प्रणाली बिछाये जाने के सापेक्ष अभी तक मात्र 17 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है, जो कार्यदायी एजेंसी की कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है, रोड खुदे होने तथा वर्तमान में बरसात का मौसम होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तथा कभी भी अप्रिय घटना घटित होने की सम्भावना बनी रहती है, जबकि रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किये जाने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है। जिन ग्रामों में पाइप बिछाने एवं हाइड्रोटेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, पर्याप्त टीमें लगाकर तत्काल रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**विद्युत संयोजनः**—श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियंता, (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना मे 10 विद्युत संयोजन किये जाने हैं, जिसके सापेक्ष सभी 10 नग विद्युत संयोजन (स्वासा बुजुर्ग, मिहुना, चन्दपुरवा बुजुर्ग, पचखुरा बुजुर्ग, पत्यौरा, छिरका, मकरॉव, भैसमरी, चॉदीकला) एसडब्लूएसएम द्वारा यू0पी0पी0सी0एल0 को दो बार में 86,81,0329.00 एवं 14,41,2648.00 का भुगतान हो चुका है। हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत सतही आधारित 06 नग विद्युत संयोजनों हेतु धनराशि रू0 3,70,84,735/— का भुगतान कार्यालय अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर को कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर द्वारा बताया गया कि निविदा आमंत्रित कर कार्यदायी फर्मो का चयन कर लिया गया है तथा कार्य प्रगति पर है। ग्राम चॉदीकला, चन्दपुरवा बुजुर्ग, रिठारी, कुरारा रूरल(पुरई), भैंसमरी में दिनांक—20.10.2022 तक विद्युत संयोजन पूर्ण कर लाइन चालू कर दी जायेगी। ग्राम छिरका, हरौलीपुर, पचखुरा बुजुर्ग में दिनांक—23.10.2022 तक कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर विद्युत लाइन चालु कर दी जायेगी। ग्राम पत्यौरा में दिनांक—31.10.2022 तक विद्युत लाइन चालू कर दी जायेगी तथा ग्राम मकरॉव, भवानीपुर, बेरीगंज, मिहुना में दिनांक—28.10.2022 तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता(वि0/यॉ0), जल निगम चित्रकूट द्वारा बातया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल योजना के अन्तर्गत 67 नग विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 62 नग हेतु एस.डब्लू.एस.एम. द्वारा भुगतान किया जा चुका है, जिसमें से 09 नग हेतु विद्युत संयोजन का कार्य, चिल्ली, अमगांव, रिहुटा, बरोली खरका, नौहाई, धमना, कुम्हरिया, टोलारावत, धनौरी में विद्युत संयोजन उर्जीकृत कर दिया गया है। 15 कार्यस्थलों गहरौली, सरसई, बरेल, बिहुनीकला, बिलगॉव, कल्हण्डा, बरदा, इकठौर, उडेरा, न्यूरिया, मवई, इस्लामपुर, कन्धौली, चन्दौरा तथा मझगांव में पोल लगाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। ग्राम छिरका में सी0डब्लू0आर0 कार्यस्थल पर पोल न लगा कर अवर जलाशय कार्यस्थल पर पोल लगा दिया गया है, इसी प्रकार टिकुर (सैना) में ट्रांसफार्मर पोल लगा दिया गया हे, जिसे लिंगा में लगाना चाहिए था। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम, राठ द्वारा बताया गया कि विद्युत संयोजन हेतु कार्य प्रगति पर है तथा दिनांक—25.10.2022 तक 53 नग विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। अवशेष 09



Scanned with OKEN Scanner

नग विद्युत संयोजन हेतु निविदा प्रकिया में है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट तथा अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर व राठ विद्युत संयोजन की कार्यवाही शीघ्र कराना सुनिश्चित करें। विद्युत संयोजन किये जाने में अनावश्यक विलम्ब न किया जाय तथा गलत जगह लगाये गये पोलों को सही जगह लगाया जाना सुनिश्चित किया जाय।

अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, प्र0ख0, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजना के नलकूप व अन्य घटकों में किये जा रहे विद्युत संयोजन हेतु पोल बिना अनुमति के सड़क के किनारे लगाये जा रहे हैं तथा भविष्य में मार्गों का चौड़ीकरण कार्य भी किया जाना है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0 से समन्वय स्थापित करते हुए विद्युत पोल उचित दूरी पर लगाया जाय तथा मार्गो पर बीच सड़क के मध्य से कितनी दूरी पर पोल लगाया जाय इसकी सूचना उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0ख0 हमीरपुर/राठ को निर्देशित किया गया कि सड़क की पटरी के किनारे लगाये जा रहे विद्युत पोलों को बिना अनुमति के न लगया जाय। अधिशासी अभियंन्ता, जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि पेयजल पाइप भी पटरी से नीचे उचित दूरी पर लगायें जायें, जिससे भविष्य में मार्ग चौड़ीकरण होने पर अनावश्यक व्यय व परेशानी न हो।

<u>आई0एस0ए0:-</u> सुपरविजन इंजीनियर, पी0ए0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि माह सितम्बर, 2022 में आई0एस0ए0 संस्थाओं द्वारा विकास खण्ड कुरारा, सुमेरपुर, मौदहा, मुस्करा, गोहाण्ड, सरीला, राठ में महिला पुरूषों की बैठक, प्रभात फेरी, हैण्डवॉश, डोर–टू–डोर जाकर सम्पर्क, रैली आदि जनजागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न किये गये। एफ0टी0के0 किट के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं से पानी की जॉच कार्यक्रम भी आई0एस0ए0 द्वारा कराया गया। उक्त कार्य आई0एस0ए0 चेतना, चित्रकूट यूनिट द्वारा 21 ग्राम पंचायत, आई0एस0ए0 मे0 चित्रकूट सेवा आश्रम द्वारा 30 ग्राम पंचायत, आई0एस0ए0 जीवन ज्योति एवं जन कल्याण समिति द्वारा 40 ग्राम पंचायत तथा आई0एस0ए0 शोशल एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेन्ट द्वारा 36 ग्राम पंचायतों में उपरोक्त कार्यक्रम कराये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आई0एस0ए0 द्वारा जे0जे0एम0 पोर्टल पर नियमित रूप से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे जनजागरूकता कार्यक्रमों को अपलोड किया जाय तथा प्रथम फेज एवं द्वितीय फेज की गतिविधियॉ शीघ्र पूर्ण करायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में गृह नल संयोजन देने का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो चुका है, प्रेरणास्वरूप इस वर्ष दिनांक 20.अक्टूबर .2022 को "हर घर जल दीपावली" मनाये जाने के निर्देश शासन प्राप्त हुए हैं। अतः पेयजल योजना के विभिन्न घटकों यथा इन्टेवेल, डब्लू0टी0पी0, सी0डब्लू0आर0, अवर जलाशय, पम्प हाउस आदि तथा ग्राम् पंचायत, ग्राम सचिवायलय पर दिये जलाकर व रंगोली, सजावट आदि द्वारा "हर घर जल दिपावली" कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करें।

रोड रेस्टोरेशन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित जिला पंचायत राज अधिकारी, हमीरपुर को निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन बिछाये जाने के दौरान सड़के खोदी गई थी तथा उनमें रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, जॉच कर आख्या उपलब्ध कराये कि क्या रोड रोस्टेरेशन का कार्य कराया गया है तथा कोई भी गली/मार्ग रोड रेस्टोरेशन से छूटा नही है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रमीण, महोबा, डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर टी0पी0आई0, सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 किया गया कि रोड रोस्टोरेशन कार्य पूर्ण हो चुके ग्रामों की सत्यापन रिपोर्ट फोटो सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि परियोजना की प्रगति बहुत धीमी है, जिसका मुख्य कारण कार्यदायी एजेंसियों के पास पर्याप्त मानवश्रम उपलब्ध न होना है। अतः मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी बढाकर समय से प्रस्तावित कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। पेयजल योजनाओ की भौतिक प्रगति बहुत कम 02 प्रतिशत प्रतिमाह है, प्रगति बढ़ाकर 04–05 प्रतिशत प्रति सप्ताह किया जाय। आबादी के अन्दर स्थित स्कूलों, ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य केन्द्र, ऑगनबाड़ी केन्द्र आदि सरकारी भवनों में नल संयोजन कराया जाय। रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना



Scanned with OKEN Scanner

सुनिश्चित करें, जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो। चूंकि यह पेयजल योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः इस कार्य में अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, महोबा टी०पी०आई० तथा पी०एम०सी० व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त की गयी।

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर

(*An ISO 9001:2015 Certified Collectorate*)

**पत्र संख्या**–822/न०गंगे–पेय०परि०-स०बै०(2022–23) दिनांक–28 अक्टूबर, 2022

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. मुख्य अभियन्ता, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
4. अधीक्षण अभियन्ता, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ।(ई–मेल द्वारा)
5. नोडल अधिकारी (हमीरपुर), एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ।(ई–मेल द्वारा)
6. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्ता मानकों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। (ई–मेल द्वारा)
7. अधिशासी अभियन्ता वि०/यॉ०, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), चित्रकूट।
8. अधिशासी अभियन्ता, वि०वि०नि०, हमीरपुर/राठ।
9. टीम लीडर पी०एम०सी०(आर०वी० एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी०पी०आई०(सेन्सिस टेक लि०) हमीरपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिज़ाइन व गुणवत्ता मानकों को लागू कराना सुनिश्चित करें।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एन०सी०, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
11. जनरल मैनेजर, जे०डब्लू०आई०एल०, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. स्टेट हेड, पी०एन०सी०/जे०डब्लू०आई०एल०। (ई–मेल द्वारा)

28/X/2022

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner